हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026

11 रेडक्रॉस मानवता की सेवा का वैश्विक...



12 जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड पर आरयूबी लॉन्चिंग कार्य के चलते...




## खबर संक्षेप

### आज बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**नांगल चौधरी।** ढाकोड़ा पावर हाउस पर शनिवार को उपकरणों की मरम्मत का कार्य होगा। इस दौरान विभिन्न गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। निगम के कनिष्ट अभियंता ने संजीव कुमार ने बताया कि सुबह सात बजे उपकरणों की रिपेयर प्रक्रिया आरंभ होगी तथा दोपहर 11 बजे तक कंप्लीट हो जाएगी। इस दौरान नायन, रायमलिकपुर, बनिहाड़ी, थनवास, नियामतपुर, मौरूंड, आसरावास, बामनवास, नांगल सोडा, ढाणी सांगावाली, गोठड़ी समेत करीब 15 गांव व ढाणियों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा के दिशा निर्देशन में नौ मई को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम कल

**नारनौल।** गुरु रविदास महासभा के प्रेस सचिव जयसिंह नारनौलिया ने बताया कि महासभा के तत्वावधान में 10 मई को गुरु रविदास आश्रम मोहल्ला ढिंढ़ासर पुरानी सराय में बुद्ध पूर्णिमा व बाबा साहेब की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रधान बाबूलाल नारनौलिया करेंगे।

### मकान के बाहर खड़ी बाइक ले उड़े चोर

**नांगल चौधरी।** शहर में एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। वारदात को अंजाम देकर भागे आरोपित सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, लेकिन फोटो साफ नहीं है, जिस कारण पहचान नहीं हो पाई है। पीड़ति की शिकायत मिलने पर पुलिस आरोपित की खोजबीन आरंभ कर दी है। घाटासेर निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वार्ड 10 में किराये के मकान में रहता है। बीती रात करीब 11 बजे अज्ञात चोर बाइक को लेकर फरार हो गए।

### सैनी सभा की वार्षिक आम बैठक 15 को

**नारनौल।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सैनी सभा की वार्षिक आम बैठक 15 मई दोपहर साढ़े तीन बजे सैनी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की जाएगी। सभा महासचिव निहाल सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 का आय -व्यय व लेखा-जोखा सभा के आजीवन सदस्यों, कोलेजियम सदस्यों व समाज के गणमान्य लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण कार्य आज

**नारनौल।** क्षेत्र के पेंशनधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाकघर द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण का समय निर्धारित कर दिया गया है। डाकपाल ब्रह्मप्रकाश यादव ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते आमजन, विशेषकर बुजुर्ग व दिव्यांग पेंशनधारकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पेंशन वितरण कार्य शनिवार प्रातः 8:00 बजे से शुरू किया जाएगा।

### एसडीएम ने लिया स्थलों का जायजा

**नारनौल।** एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने शुक्रवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के आयोजन स्थलों का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान जगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राजस्व अधिकारियों की कार्यकुशलता का अब सिस्टम करेगा मूल्यांकन

# सेल्फ अप्रेजल रिपोर्ट भरने के बाद तहसीलदार को 7.5 अंक सिस्टम देगा, ढाई अंक बॉस के हाथ में होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भू-अभिलेख विभाग के निदेशक यशपाल यादव ने कहा कि सरकार राजस्व कार्यों को पूरी तरह पारदर्शी और आधुनिक बनाने के लिए संकल्पित है। राजस्व विभाग अब पूरी तरह कागज रहित होने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। एक साल बाद राजस्व विभाग का कोई भी कार्य मैनुअल तरीके से नहीं होगा। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उपायुक्त अनुपमा अंजलि भी मौजूद थी। निदेशक यशपाल यादव ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों में आम जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए न केवल राजस्व अधिकारियों को निरंतर आधुनिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर प्रकार के आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सभी तहसील कार्यालय में वीसी रूम सहित तमाम प्रकार के डिजिटल उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिला महेंद्रगढ़ से डिमांड मिल चुकी है तथा इसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में राजस्व अधिकारियों की स्वयं मूल्यांकन रिपोर्ट उनके द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर सीधे कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से तैयार की जाएगी। इस नई व्यवस्था में प्रणाली स्वयं कार्य प्रदर्शन के आधार पर साढ़े सात अंक देगी। शेष ढाई अंक उपायुक्त के विवेक पर निर्भर करेंगे। इस कदम से विभाग की कार्यप्रणाली में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और जवाबदेही के साथ-साथ पारदर्शिता में भी भारी वृद्धि होगी।

**भू-राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह कागज रहित बनाने की दिशा में सरकार की पहल**



नारनौल। राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते भू अभिलेख विभाग के निदेशक यशपाल यादव। फोटो : हरिभूमि

### आवेदनों के निपटान पर दिया जोर

बैठक के दौरान निदेशक ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की। इसमें शहर में चल रहे चकबंदी कार्य की प्रगति, रोवर आधारित सीमांकन की लंबित रिपोर्ट और पोर्टल पर दर्ज आवेदनों के निपटान पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा स्वतः नामांतरण, मानचित्र पोर्टल, सीएम विंडो और समाधान शिविर की शिकायतों के समाधान की भी समीक्षा की गई। यादव ने नवनियुक्त पटवारियों के कार्य आवंटन और युवा आपदा मित्र जैसे जनहितकारी कार्यक्रमों की भी जानकारी ली। अंत में उन्होंने सभी राजस्व विभाग के अधिकारियों से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस मौके पर महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन भी मौजूद थे।

## आठवें दिन भी काम पर नहीं लौटे सफाई कर्मचारी, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

# हड़ताल से ठप हो गई सफाई व्यवस्था गंदगी में तब्दील हो रहा नारनौल शहर



कनीना। हड़ताल के चलते लगा कूड़े का ढेर। फोटो : हरिभूमि

- मक्खी-मच्छरों और बदबू से लोग परेशान महामारी फैलने की बढ़ी आशंका
- नगर परिषद के 204 में से करीब 200 कर्मचारी हड़ताल पर, एजेंसी के भरोसे चल रही व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब पूरे नारनौल शहर में साफ दिखाई देने लगा है। पिछले सात दिनों से सफाई कर्मचारी फायर कर्मचारियों के समर्थन एवं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

इसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अधिकांश गली-मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। शहर के बाजारों, कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर जगह-जगह फैली गंदगी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के चलते सफाई कर्मचारी झाड़ू नहीं उठा रहे और लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। सफाई नहीं होने से नालियों के आसपास गंदगी जमा होने लगी है, जिससे बदबू फैल रही है। गंदगी के कारण मक्खी-मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है और लोगों में बीमारी फैलने का डर सताने लगा है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो शहर में महामारी फैलने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।






नारनौल। मोटा महादेव मंदिर गेट के सामने पड़ी गंदगी व गर्ल्स स्कूल की दीवार के साथ पड़ी गंदगी।

### यह बोली नप

*हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन नगर परिषद की ओर से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और कूड़ा उठान का कार्य एजेंसी के माध्यम से लगातार करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरवासियों से भी सहयोग की अपील है कि लोग इधर-उधर कूड़ा फेंकने की बजाय डोर-टू-डोर आने वाले टैंपों में ही कूड़ा डालें, ताकि शहर में स्वच्छता बनी रह सके। जनसहयोग से ही इस कठिन स्थिति में सफाई व्यवस्था को काफी हद तक संभाला जा सकता है।* -विकास शर्मा, जेई, सफाई कार्य नगर परिषद, नारनौल

शहर के अधिकांश इलाकों में कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। समय पर उठान नहीं होने के कारण आवारा कुत्ते, सुअर और गोवंश कूड़े में मुंह मारते दिखाई देते हैं, जिससे गंदगी और अधिक फैल रही है। कई स्थानों पर कूड़ा सड़क तक फैल चुका है, जिसके कारण लोगों को आवाजाही में भी परेशानी हो रही है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने कहा कि नगर परिषद को जल्द से जल्द समस्या का समाधान निकालना चाहिए ताकि शहर की सफाई व्यवस्था सामान्य हो सके।

### हड़ताल से प्रभावित सफाई व्यवस्था

| | |
|---|---|
| नगर परिषद में कुल सफाई कर्मचारी : | 204 |
| हड़ताल पर कर्मचारी : | लगभग 200 |
| नियमित कर्मचारी : | 17 |
| पालिका पे-रोल कर्मचारी : | 172 |
| एचकेआरएन कर्मचारी : | 11 |
| चौकीदार : | 4 |

*एजेंसी के माध्यम से चल रहा कार्य*

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का जिम्मा : क्लासिक मैन पॉवर एजेंसी

कार्यरत टैंपो : 31

ट्रैक्टर : 6, लोडर : 2

### नगर परिषद में सफाई कर्मियों की स्थिति

नगर परिषद में फिलहाल कुल 204 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से लगभग 200 कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जबकि केवल चार कर्मचारी ही हाजिरी और ड्यूटी कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों में 17 नियमित कर्मचारी, 172 पालिका पे-रोल कर्मचारी, 11 एचकेआरएन कर्मचारी और चार चौकीदार शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। हालांकि नगर परिषद द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य क्लासिक मैन पॉवर नामक एजेंसी को टेंडर पर दिया गया है। एजेंसी के माध्यम से फिलहाल 31 टैंपो, छह ट्रैक्टर और दो लोडर कार्य कर रहे हैं। एजेंसी के कर्मचारी शहर से कूड़ा उठाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आ पा रही।

### यह कहते हैं लोग

*शहरवासियों अभिषेक, रवि, कैलाश, पुष्पेंद्र, सुरेंद्र आदि का कहना है कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व्यवस्था भी कई इलाकों में प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर कूड़ा वाहन समय पर नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण लोग मजबूरी में खाली प्लॉटों और सड़कों के किनारे कूड़ा डाल रहे हैं। इससे शहर की स्वच्छता पर बुरा असर पड़ रहा है।*

### मांगों को लेकर हड़ताल जारी

**कनीना।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। संघ प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि नगर पालिका में 21 कर्मचारी अस्थाई रूप से कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों के काम छोड़ हड़ताल पर रहने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले लंबे समय से कच्चे कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, सरकार उनके हितों की अनदेखी कर रही है। हालांकि बीते मंगलवार को जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह ने कर्मचारियों की समस्या सुनकर समाधान का आश्वासन देकर उन्हें काम पर लौटने की बात कही थी। कर्मचारियों का मानना है कि हाईकोर्ट की ओर से उनके हित में फैसला आ चुका है। जिसे लेकर उन्होंने नपा प्रधान डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर नपा सचिव कपिल कुमार, लेखाकार मनोज कुमार, कर्मबीर, प्रदीप, रमेश, शशिबाला, संजय, सुनील, सुभाष, योगेश, कलदीप, पवन, अनिल, नवीन, नरेंद्र, बिमला देवी, सोनू आदि उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ में बुरा हाल, हड़ताल आगे बढ़ने की आशंका

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काम बंद कर करीब आठ दिन से हड़ताल पर हैं। जिसके चलते शहर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हड़ताल के छठे दिन शहर के कई इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कर्मचारियों ने कूडे प्वाइंट पर सफाई व्यवस्था संभाली हुई हैं। लेकिन नालियों की सफाई व सड़क पर झाडू नहीं लगने से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई हैं। इस दौरान कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रधान पूर्ण कुमार ने बताया कि, यह हड़ताल प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में हो रही है।

## डीडीओ वेरिफिकेशन की डेडलाइन बढ़ी

- अब नहीं छूटेगा मौका, महेंद्रगढ़ में 200 से अधिक एचकेआरएन कर्मचारियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लंबे समय से डीडीओ वेरिफिकेशन से वंचित रह गए कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार के मानव संसाधन विभाग ने कर्मचारियों को राहत देते हुए वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जिले में करीब दो सौ से अधिक कर्मचरियों की समय पर डीडीओ वेरिफिकेशन नहीं हो पाई थी। जिसकी वजह से कर्मचारियों में बैचेनी बढ़ गई थी। जिले के अधिकारियों ने अपने उच्च अधिकारियों को पत्र लिख एक और मौका देने का आग्रह किया था। जिसको उच्च अधिकारियों के स्वीकार करते हुए दस दिन का अंतिम समय बढ़ा दिया है। सरकार ने सभी विभागों और डीडीओ अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस बार प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि किसी भी पात्र कर्मचारी को नुकसान न हो।

### पहले छूट गया था मौका, अब फिर खुला रास्ता

हरियाणा कॉन्ट्रैक्चुअल एम्प्लॉइज सिक्योरिटी ऑफ सर्विस एक्ट के तहत आवेदन करने वाले कई कर्मचारियों की फाइले डीडीओ स्तर पर पेंडिंग रह गई थी। महेंद्रगढ़ जिले में भी बड़ी संख्या में कर्मचारी डीडीओ वेरिफिकेशन से वंचित रह गए थे जिससे उनमें निराशा थी, लेकिन अब समय बढ़ने से उनमें खुशी की लहर है।

### समय सीमा बढ़ाई

सरकार ने इस स्थिति को देखते हुए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब डीडीओ वेरिफिकेशन की नई अंतिम तिथि 15 मई कर दी है। वित्त विभाग सुपरन्यूमरेरी पोस्ट का निर्माण करेगा। 15 जून तक फाइनल अप्रूवल और ऑफर लेटर जारी किए जाएंगे

### पोर्टल पर लंबित थे आवेदन

जानकारी के मुताबिक पोर्टल पर बड़ी संख्या में आवेदन वेरिफिकेशन के लिए लंबित थे। इसी कारण प्रक्रिया अधूरी रह गई थी। सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिए है कि अब तय समय सीमा में सभी लंबित मामलों का निपटारा किया जाए।

# प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा और रोजगार व्यवस्था को नई दिशा, गजट अधिसूचना जारी

- बेरोजगार युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी, करियर मार्गदर्शन और नौकरी के अवसर एक ही मंच पर कराए जाएंगे उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार ने राज्य में सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सेवाओं के क्षेत्र में व्यापक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामाजिक सुरक्षा (हरियाणा) नियम 2026 को सात मई को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इस अधिसूचना के साथ ही प्रदेश में सामाजिक कल्याण योजनाओं और रोजगार प्रबंधन की व्यवस्था को लेकर एकीकृत, पारदर्शी और डिजिटल स्वरूप देने का कानूनी आधार स्थापित हो गया है। नए नियमों का मुख्य केंद्र करियर केंद्र की स्थापना है, जो राज्य में रोजगार सेवाओं का एक सशक्त नेटवर्क तैयार करेंगे। इन केंद्रों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी, करियर मार्गदर्शन और नौकरी के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

वहीं नियोक्ताओं, उद्योगों और विभिन्न संस्थानों को भी योग्य उम्मीदवारों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी। इस व्यवस्था के तहत सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए रिक्त पदों की जानकारी समयबद्ध रूप से करियर केंद्र को देना अनिवार्य किया गया है। निर्धारित समय सीमा में सूचना न देने पर दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है, जिससे व्यवस्था में अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। अधिसूचना में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समेकन पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग सहायता सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को एकीकृत डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा जाएगा। इससे लाभार्थियों का एक केंद्रीकृत रिकॉर्ड तैयार होगा और योजनाओं का लाभ सीधे तथा बिना किसी मध्यस्थ के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सकेगा। यह प्रणाली पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक जटिलताओं को भी कम करेगी। राज्य में रोजगार बाजार की निगरानी के लिए एक मजबूत डेटा प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाएगी। रोजगार से संबंधित सभी आंकड़ों का नियमित संकलन, विश्लेषण और रिपोर्टिंग की जाएगी, जिससे सरकार को नीति निर्माण में वास्तविक समय और सटीक जानकारी मिल सके।

## छुट्टी के दिन स्कूल खुलने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

**नारनौल।** जिला के कनीना क्षेत्र में कुछ समय पहले शनिवार छुट्टी के दिन स्कूल खुले होने के कारण बड़ा हादसा हुआ था। उस वक्त कनीना बीईओ का चार्ज विश्वेश्वर कौशिक के पास था। अब जब यहीं विश्वेश्वर कौशिक बतौर डीईओ पद पर तैनात है तो उनकी अगुवाई में यह आदेश जारी किए है ताकि फिर से अनहोनी ना हो। आदेश में बताया गया है कि जिले में दूसरी शनिवार को छुट्टी वाले दिन स्कूल खुलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्कूल संचालक किसी भी बहाने से बच्चों को स्कूल में नहीं बुला सकेंगे। स्कूल पूरी तरह से बंद रखें जाएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। नारनौल खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज ने पत्र जारी कर नौ मई को द्वितीय शनिवार के अवसर पर सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में पूर्ण अवकाश सुनिश्चित करने के लिए सख्त आदेश जारी किए हैं। आदेशों में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अवकाश के दिन किसी भी विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद अथवा अन्य गतिविधि के लिए विद्यालय नहीं बुलाया जाएगा। यदि कोई विद्यालय आदेशों की अवहेलना करता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय और प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि यह बार-बार देखने में आता है कि राजपत्रित अवकाश, स्थानीय अवकाश और द्वितीय शनिवार के बावजूद कुछ विद्यालय विद्यार्थियों को अतिरिक्त गतिविधियों के नाम पर स्कूल बुलाते हैं।

## श्री गोपाल गोशाला से मोडावाला शिव मंदिर तक निकलेगी भव्य कलश यात्रा

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्वः प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनेगा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत की आध्यात्मिक चेतना के केंद्र बिंदु श्री सोमनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के 75 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर आगामी 11 मई को जिलाभर में पर्व मनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी पर्व की तैयारी को लेकर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने उपायुक्त अनुपमा अंजलि के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम शहर के रेवाड़ी रोड स्थित मोडावाला शिव मंदिर में होगा। इस भव्य आयोजन की शुरुआत सुबह नौ बजे श्री गोपाल गोशाला के पास स्थित श्रीश्याम मंदिर से विशाल कलश यात्रा के साथ होगी। यह रेवाड़ी रोड़ से गुजरते हुए मोडावाला शिव मंदिर पहुंचेगी, जहां श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक के साथ इसका समापन किया जाएगा। इस कलश यात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उपायुक्त ने विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक ली। डीसी ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की अटूट आस्था और सांस्कृतिक गौरव के पुनर्जागरण के इतिहास से अवगत कराना है। गुजरात के सोमनाथ में आयोजित होने वाले मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के बीच सीधा प्रसारण किया जाएगा।




नारनौल। वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद डीसी अनुपमा अंजलि। फोटो : हरिभूमि



# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

## लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

*'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला




# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।



# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'



## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थीं। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा के क्षेत्र में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा: यादव

**नारनौल।** विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक राजकीय महाविद्यालय व राजकीय महिला महाविद्यालय में 17 विषयों में नई कक्षाएं शुरू की गई हैं। पिछले महीने दोनों महाविद्यालयों के वार्षिक समारोह के दौरान राजकीय महिला महाविद्यालय में फिजिकल एजुकेशन, फिजियोलॉजी, बीएससी मेजर इन मैथ तथा बीए मेजर इन इंग्लिश तथा राजकीय महाविद्यालय में एमएससी फिजिक्स शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में मदर्स डे मनाया

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण मां के प्रति प्रेम, सम्मान और स्नेह की भावनाओं से सराबोर नजर आया। मदर्स डे सेलिब्रेशन के दौरान बच्चों ने मां को समर्पित सुंदर गीत प्रस्तुत किए। प्राचार्य वेदपाल यादव ने कहा कि मां जीवन की प्रथम गुरु होती है। मां का स्थान संसार में सबसे ऊंचा है और बच्चों को सदैव अपने माता, पिता का सम्मान करना चाहिए। प्राइमरी हैड उमा ने कहा कि मां बच्चों के जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है।

## मानव सेवा व करुणा का संदेश लेकर मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

# रेडक्रॉस मानवता की सेवा का वैश्विक प्रतीकः अनुपमा अंजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल






**नारनौल।** दिव्यांगजन को हेलमेट पहनाकर ट्राई साइकिल वितरित करती उपायुक्त अनुपमा अंजलि व जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती उपायुक्त अनुपमा अंजलि। फोटोः हरिभूमि

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस कार्यालय में जिला स्तरीय भव्य एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों के साथ केक काटकर तथा उन्हें फल वितरित कर की। समारोह में समाजसेवा, मानवता, सहयोग व सेवा भावना का संदेश देते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष अनुपमा अंजलि ने मुख्य अतिथि थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस ध्वज फहराकर व मानव सेवा के महान प्रेरणास्रोत तथा रेड क्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की।

उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कहा कि रेडक्रॉस संस्था विश्वभर में मानव सेवा, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिले में रेडक्रॉस समिति प्रशासन के साथ मिलकर समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

जिला रेडक्रॉस की ओर से नियमित रूप से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगजन सहायता कार्यक्रम, आपदा राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण गतिविधियां तथा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं। रक्तदान शिविर में अग्रणी रही संस्थाओं व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को स्कूली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश दहिया, डॉ. हंसराज गुर्जर, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, पवित्रा यादव, त्रिभुवन वर्मा, आईएमडी केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र मोहन, गीता यादव, ओमप्रकाश, राजकुमार व्यास, सतवीर सिंह, रेखा कुमारी, अगेंद्र यादव, एडवोकेट गिरिबाला, सुरेश कुमार, पूर्व न्यायाधीश रीडर रामपत यादव, राजेश यादव, अजय कुमार, नितेश यादव, नवरत्न वर्मा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### समर्पण व संवेदनशीलता की पहचान रेडक्रॉस

जिला रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस संस्था का मूल उद्देश्य पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा करना है। उन्होंने बताया कि जिले में रेडक्रॉस स्वयंसेवक हर आपदा, दुर्घटना, महामारी और सामाजिक संकट के समय सबसे पहले सहायता के लिए आगे आते हैं। रेडक्रॉस के डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव ने कहा कि युवा रेडक्रॉस और जूनियर रेडक्रॉस इकाइयों के माध्यम से विद्यालयों व महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे समाज में सेवा संस्कृति मजबूत हो रही है।

### मॉक ड्रिल से दिया आपदा प्रबंधन का संदेश

समारोह के दौरान रेडक्रॉस ब्रिगेड अधिकारियों रीजनल कमांडर टेकचंद यादव के नेतृत्व मे स्वयंसेवकों ने मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। इसमें दुर्घटना, आगजनी और प्राकृतिक आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया को प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### वेस्ट एशिया संकट पर बोले विशेषज्ञ, बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी में वेस्ट एशिया संकट भारत के लिए बाहरी एवं आंतरिक सुरक्षा चिंताएं विषय पर विशेष व्याख्यान एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी सोमेश गोयल उपस्थित रहे।




वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गल्फ देशों के कई प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व कर चुके एवं भारतीय विश्व मामलों की परिषद नई दिल्ली के वरिष्ठ शोध फेलो डॉ. एफआर सिद्दीकी तथा आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स चिड़ावा चेयरपर्सन निकिता थालौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने की।



### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर माताएं सम्मानित

**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में शुक्रवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में माताएं एक जैसे परिधान पहनकर विद्यालय पहुंचीं, जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा उनका तिलक लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने मां और बच्चे के अटूट प्रेम पर आधारित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया और उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।



### श्रीकृष्णा स्कूल में मदर्स डे पर मां की महिमा का गुणगान

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में मातृ दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल परिसर पूरी तरह मां की ममता के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। मिडिल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मातृ दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में कई प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मां के महत्व पर सुंदर कविताएं सुनाईं और ओजस्वी भाषण दिए।



### केएल मेमोरियल स्कूल इस्लामपुरा में 140 विद्यार्थियों ने करवाया एनसीसी पंजीकरण

**नांगल चौधरी।** इस्लामपुरा गांव में संचालित केएल मेमोरियल स्कूल में एनसीसी पंजीकरण प्रक्रिया कर्नल संदीप कुमार, कर्नल राकेश पूनिया सूबेदार मेजर दानाराम, सुभाष, अनिल सिंह, एएनओ पितराम, सीटीओ रंजू कुमारी की देखरेख में आरंभ हुई। जिसमें 140 विद्यार्थियों ने ए सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया। फिजिकल व लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर आवेदकों का एनसीसी प्रशिक्षण में दाखिला किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में प्राचार्य राजबीर सिंह ने सहयोग किया। आपको बता दें कि नांगल चौधरी ब्लॉक में एकमात्र केएल मैमोरियल स्कूल में एनसीसी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। दाखिलों के लिए विभाग की टीम सुबह 11 बजे स्कूल में पहुंची तथा इच्छुक बच्चों के आवेदन लिए।

### यदुवंशी स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पांच टीमों में विभाजित किया गया, जिन्होंने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड आयोजित किए गए, जिनमें सामान्य ज्ञान, विज्ञान, खेल और करंट अफेयर्स से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक राउंड में टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम डी जिसमें कशिश, तेजस, भावेश और हर्शित प्रथम स्थान, टीम ई जिसमें साक्षी, तमन्ना, प्राची यादव और प्राची द्वितीय स्थान, टीम सी जिसमें जागवी यादव, सुजल राव, रिषभ और रिया तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि आज यदुवंशी स्कूल में आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता को देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आप सभी विद्यार्थियों ने जिस उत्साह और आत्मविश्वास के साथ इसमें भाग लिया, वह वास्तव में सराहनीय है।

## विद्या भारती स्कूल के विद्यार्थियों का ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के विद्यार्थियों ने डीआईईटी महेन्द्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। इस प्रतियोगिता में सोनम पुत्री मनोज निजामपुर ने स्वर्ण पदक, लोकेश यादव पुत्र सत्येन्द्र यादव बसीरपुर ने रजत पदक हासिल किया है। इनके अलावा विद्यालय की छात्रा ने पायल पुत्री अभय सिंह निजामपुर ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। इन विद्यार्थियों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य अजीत सिंह ने विद्यार्थियों की मेहनत व अनुशासन की सराहना की। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, वाइस प्रिंसिपल प्रवीण कुमार शर्मा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, कोर्डिनेटर रितु शर्मा, धर्मवीर, भावेश गोयल आदि उपस्थित थे।

## मॉडर्न स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती मनाई

**महेंद्रगढ़।** चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य प्रदीप तंवर द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय परिसर में देशभक्ति और वीरता से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी झांकियां, देशभक्ति गीत तथा प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और देशभक्ति की भावना साफ दिखाई दी। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।




## एमआर स्कूल अटेली में मातृ दिवस मनाया



**नारनौल।** एमआर स्कूल अटेली में मातृ दिवस पर हुए अनेक आयोजन संपन्न हुए। जिनमे मां के विषय पर कविता, लघु नाटिका, गीत, भजन, भाषण, नृत्य, कार्ड बनाओ, पोस्टर बनाओ जैसे बिंदु शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मां के त्याग, प्रेम और देखभाल जैसी जिम्मेदारियों को वर्णित किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में मां की छोटी छोटी खुशियां, उसका मातृत्व, स्नेह भरी छाव की झलक देखने को मिली। प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि मां हमारे जीवन की सबसे पहली शिक्षक होती हैं, जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ाती है। चेयरमैन सियाराम यादव ने कहा कि मां का ऋण चुकाए से भी चुकता नहीं होता, इसलिए हमें नारी शक्ति रूपा मां का दिल से सम्मान करना चाहिए।

## बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में कावेरी सदन प्रथम



**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में शुक्रवार को बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सदन स्तर पर करवाई गई। इस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में चारों सदनों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कावेरी सदन ने 139 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कृष्णा सदन ने 132 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सदन के प्रतिभागियों को संस्था के निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य, नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राम सिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

## राव सुल्तान स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ द्वारा मां के प्रति श्रद्धा, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय चेयरपर्सन सुषमा यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मातृ दिवस के इतिहास और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मातृ दिवस की शुरुआत अमेरिका की समाजसेवी अन्ना जार्विस ने अपनी मां की स्मृति में की थी। वर्ष 1908 में पहली बार इस दिन को मनाया गया और 1912 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की गई। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उप प्राचार्य रामकुमार, कर्ण सिंह निम्बल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मदर्स डे मनाया



**कनीना।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में छात्रों ने अपनी माताओं के सम्मान में अनेक आकर्षक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एक्ट प्रस्तुति, पोस्टर मेकिंग, पोयम रेसिटेशन तथा अन्य कई रचनात्मक इवेंट आयोजित किए गए। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामना भी दीं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने मिलकर मदर्स डे को यादगार बनाया।

## सैनी सभा त्रिवार्षिक चुनाव : 24 मई को होंगे प्रधान सहित 5 पदों के चुनाव

# चार प्रधान, छह उपप्रधान, चार महासचिव, तीन सचिव व दो कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन, कल तक वापसी का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) का त्रिवार्षिक चुनाव के द्वितीय चरण के तहत पांच पदों के लिए 19 नामांकन जमा किए गए है। शुक्रवार नामांकन का अंतिम दिन था। नामांकन में सर्वाधिक उपप्रधान पद के लिए छह उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करवाया है। इसके बाद प्रधान व महासचिव पद के लिए चार-चार नामांकन पत्र दाखिल किए है। वहीं सचिव पद के लिए तीन और सबसे कम दो नामांकन कोषाध्यक्ष पद के लिए आए है। अब इन नामांकनों की जांच 9 व 10 मई दोपहर दो बजे तक होगी। इसके बाद 13 मई की शाम पांच बजे तक नामांकन वापसी लिए जा सकेंगे। अगले ही दिन 14 मई को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिए जाएंगे। इसके बाद प्रत्याशियों के पास 10 दिन का समय प्रचार प्रसार का रहेगा और 24 मई को सैनी सभा परिसर में मतदान होगा। इस संबंध में चुनाव अधिकारी संदीप एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व पर्यवेक्षक रोशनलाल सैनी ने बताया कि प्रधान पद के लिए चार नामांकन पत्र दाखिल हुए है। इनमें ओमप्रकाश पुत्र दुलीचंद वासी मालीटिबा, रोहताश पुत्र रामपत वासी हैफेड के पीछे, हरीश सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी वासी पीरआगा और सुरेंद्र कुमार पुत्र हरीराम वासी ढाणी किरारोद का नामांकन है।



**नारनौल।** रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला। फोटो:हरिभूमि

### ये रहे शामिल

इनमें महेंद्र पुत्र भानाराम वासी सराय दुसरान, प्रदीप पुत्र सोमदत्त वासी जमालपुर, अरूण पुत्र धर्मसिंह वासी कैलाशनगर, मानसिंह पुत्र प्रभातीलाल वासी शेखपुरा, मानसिंह पुत्र मूलचंद वासी सराय दुसरान और भवानीशंकर पुत्र पप्पू सैनी वासी पीरआगा शामिल है।

## इसरो युविका में चयनित तन्वी जोधपुर के लिए रवाना

**कनीना।** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा तन्वी पुत्री रविंद्र का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के प्रतिष्ठित युविका 2026 कार्यक्रम में हुआ है। चयन के बाद तन्वी को राजस्थान स्थित क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र जोधपुर केंद्र आवंटित किया गया है, जहां वह दो सप्ताह तक रहकर अंतरिक्ष विज्ञान व आधुनिक तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। तन्वी के चयन से विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के दौरान तन्वी अंतरिक्ष विज्ञान, सैटेलाइट तकनीक, रॉकेट सिस्टम, रिमोट सेंसिंग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी कई गतिविधियों में भाग लेगी। इसके साथ ही उसे इसरो के वैज्ञानिकों से संवाद करने और विभिन्न प्रयोगशालाओं का अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि तन्वी की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े सपने देखने और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।



### नांगल दर्गू में जागरूकता रैली

नारनौल। जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने व भविष्य की पीढ़ियों को पानी के महत्व से अवगत करवाने के उद्देश्य से पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में जल संरक्षण क्लब के तत्वावधान में जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

I, Dev Karan S/o Sh. Ramchander Father of Don R/o Village Said Alipur P.O. Nangal Dargu Teh. Nangal Choudhary Distt. Mahendergarh Haryana have Changed my minor Son name from Don to Devender.

**सूचना**

मैं, बहादुर सिंह पुत्र श्री रावत सिंह निवासी सिगडी राजपुत तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मैंने अपने पुत्र श्री मनीष पुत्र श्री बहादुरसिंह निवासी सिगडी को 09.05.2018 को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया था। अब मेरा पुत्र मनीष मेरे कहने के अन्दर है और अब मैं अपने पुत्र मनीष को अपनी चल व अचल सम्पति में हिस्सा देना चाहता हूं जो सही है और मेरे पुत्र मनीष की बेदखल को कैंसिल करता हूं।

**न्यायालय श्रीमान कलेक्टर उपमण्डल कनीना।**

अंकित कुमार बनाम गोविन्द राम वगैरा
दरखास्त बाबत फक उल रहन

केस नम्बर... 14 दरखास्त फक उल रहन बाबत वाका मौजा कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ की आराजी रकबा आराजी जरई जेर खेवट नम्बर 1601 खतोनी नम्बर 1687 मुश्तील व किला नम्बर 220//1/3 (0-12), 10/1/1(1-17) कीता 2 रकबा 2 कनाल 9 मरला बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इन्तकाल नम्बर 12080 विरासत मंजूरशुदा की रूह से वाका रकबा मौजा कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ में 10/50 हिस्सा के . मालिक व काबिज चले आ रहे हैं को फक उल रहन करवाने बारे अदालत श्रीमान जी में दायर किया हुआ है।
जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 09/06/2026 मुकर्र है।
1. अंकित कुमार पुत्र जयभगवान वासी कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़।
...वादी
बनाम
1. गोविन्दराम पुत्र जमनादास वासी कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़
2. जनरल पब्लिक वगैरा
....प्रतिवादीगण
दरखास्त बाबत फक उल रहन बाबत वाका मौजा कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ की आराजी रकबा आराजी जरई जेर खेवट नम्बर 1601 खतोनी नम्बर 1687 मुश्तील व किला नम्बर 220//1/3 (0-12). 10/1/1(1-17) कीता 2 रकबा 2 कनाल 9 मरला बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इन्तकाल नम्बर 12080 विरासत मंजूरशुदा की रूह से वाका रकबा मौजा कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ में 10/50 हिस्सा रहन गोविन्दराम पुत्र जमनादास वासी कनीना तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ इश्तहार बजरिये सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि वादी ने एक दरखास्त फरीकदोयम के खिलाफ दायर की हुई है। जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 09/06/2026 मुकरर है। इश्तहार द्वारा फरीकदोयमगण को उपरोक्त दरखास्त फक उल रहन से संबंधित कोई उजर व ऐतराज हो तो दिनांक 09/06/2026 को उपरोक्त माननीय न्यायालय में असालतन व वकालतन उपस्थित हो सकते हैं। अन्यथा इसके उपरान्त मियाद फरीकदोयमगण के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायालय से दिनांक 5/5/26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित पारित किया गया।
हस्ता/-कलैक्टर उपमण्डल कनीना

प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपने माता-पिता/अभिभावक के साथ जाना होगा कुरूक्षेत्र

# सुपर 100 परीक्षा परिणाम जारीः जिले के 19 ने पाई सफलता, 13 से प्रवेश प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सुपर 100 बैच 2026-28 के लिए हुई परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया 13 मई को कुरुक्षेत्र के बारना स्थित सुपर 100 परिसर में आयोजित की जाएगी। बता दें कि 11 फरवरी को सुपर 100 के पहले चरण की परीक्षा आयोजित की गई थी। सुपर 100 लेवल एक के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। लेवल-दो की परीक्षा में इनमे से 19 विद्यार्थियों को सफलता मिली है।

प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपने माता-पिता/अभिभावक के साथ 13 मई सुबह नौ बजे सुपर 100 कैम्पस कुरुक्षेत्र में जाना होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ उनका आधार कार्ड (मूल और तीन फोटोकॉपी), माता-पिता दोनों का आधार कार्ड (दो फोटोकॉपी), विद्यार्थी की पांच पासपोर्ट साइज की फोटो, माता-पिता/अभिभावक दोनों की दो पासपोर्ट साइज की फोटो, कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा की प्रोविजनल मार्क शीट, सुपर 100 लेवल-दो योग्यता प्रमाणपत्र (रंगीन प्रिंटआउट), सुपर 100 लेवल-दो परीक्षा आईडी कार्ड (सुपर 100 लेवल-दो परीक्षा के दौरान जारी किया गया), एसएलसी (स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र) मूल, केटेगरी सर्टिफिकेट (तीन फोटोकॉपी), एक अप्रैल को या उसके बाद जारी किया गया परिवार पहचान पत्र (मूल व दो फोटोकॉपी), बैंक पासबुक/स्टेटमेंट की दो फोटोकॉपी, जिसमें खाता संख्या स्पष्ट रूप से दिखाई दे ले कर जाना है। इसके साथ ही हॉस्टल में रहने के लिए आवश्यक वस्तुएं भी साथ लेकर जानी है। प्रवेश संबंधी पूछताछ के लिए 7206758099 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### सरकार ने 2018 में शुरू किया था सुपर-100 कार्यक्रम

हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग के द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किए गए सुपर-100 कार्यक्रम का उद्देश्य 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस कार्यक्रम ने पिछले वर्षों में छात्रों को आईआईटी, एनआईटी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त करवाई है। इस योजना के तहत सरकार का प्रयास है कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। सुपर 100 में चयनित बच्चों को विकल्प फाउंडेशन की ओर से आवासीय कोचिंग दी जाएगी। विद्यार्थियों को रहने और खाने की सुविधा भी शिक्षा विभाग की तरफ से मुहैया करवाई जाती है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जिले से सुपर-100 बैच 2026-28 में प्रवेश के लिए 19 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को 13 मई सुबह नौ बजे सुपर 100 कैम्पस कुरुक्षेत्र में प्रवेश के लिए बुलाया गया है। सुपर 100 बैच 2026-28 में प्रवेश के लिए राज्य से कुल 521 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने खण्ड से चयनित किए गए सम्बन्धित विद्यार्थियों को उनके शेड्यूल अनुसार विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र परिसर में पहुचने बारे सूचित करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सुपर 100 लेवल दो परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को सुपर 100 बैच 2026-28 में प्रवेश के लिए बुलाया गया है और इन्हें हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग की इस योजना के तहत मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें... गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए रेलवे ने किए कुछ बदलाव

# जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड पर मरम्मत के चलते रेल संचालन रहेगा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड के खैरथल-पड़ीसल स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या 95 एवं पड़ीसल-अलवर स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या 106 पर आरयूबी लॉन्चिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा नौ मई को भुज से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 10 मई को बरेली से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अटेली, नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19566 देहरादून-ओखा रेलसेवा 10 मई को देहरादून से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20937 पोदबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा नौ मई को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी, वय रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत रेलसेवा 10 मई को दिल्ली कैंट से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12916 दिल्ली-साबरमती रेलसेवा 10 मई को दिल्ली से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 20990 चंडीगढ़-उदयपुर सिटी रेलसेवा 10 मई को चंडीगढ़ से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अटेली, नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## गर्मी की छुट्टियों के दौरान जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन संचालन में आंशिक बदलाव

- जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर स्पेशल रेल सेवा को अतिरिक्त ट्रिप के साथ आगे बढ़ाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गर्मी की छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के संचालन में आंशिक बदलाव किया है। इस फैसले का सीधा लाभ महेंद्रगढ़ क्षेत्र के यात्रियों को मिलेगा। रेलवे ने ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाने के साथ-साथ महेंद्रगढ़ स्टेशन पर इसके समय में भी परिवर्तन किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी संख्या 04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर स्पेशल रेल सेवा को अतिरिक्त ट्रिप के साथ आगे बढ़ाया गया है। नई व्यवस्था के तहत यह ट्रेन जोधपुर से 21 मई से नौ जुलाई तक तथा गोरखपुर से 22 मई से 10 जुलाई तक संचालित होगी। इस दौरान ट्रेन कुल आठ-आठ अतिरिक्त ट्रिप लगाएगी।

रेलवे की ओर से जारी नई समय सारणी के अनुसार 04829 जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर रात 1:05 बजे पहुंचेगी और 1:07 बजे रवाना होगी। वहीं वापस 04830 गोरखपुर-जोधपुर स्पेशल ट्रेन शाम 5:39 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचेगी और 5:41 बजे प्रस्थान करेगी। यह स्पेशल ट्रेन रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ और अयोध्या जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरती है। ऐसे में महेंद्रगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई शहरों के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए ट्रेन की अवधि बढ़ाने और समय में बदलाव से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इससे यात्रियों को आरक्षण व यात्रा सुविधा में भी सहूलियत मिलने की उम्मीद है।


नारनौल। अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी।

## सीजेएम ने ली पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक

- एडीआर सेंटर में कानूनी साक्षरता शिविरों व लोक अदालत की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंड अधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर में कानूनी साक्षरता शिविरों व लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम नीलम कुमारी ने पैनल अधिवक्ताओं को अदालती कार्यवाही के दौरान समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट पेश करने और पीड़ितों को उचित कानूनी सलाह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कानूनी स्वयंसेवकों को निर्देश दिए कि वे गांवों और सरकारी संस्थानों में जाकर आम जनता को मुफ्त कानूनी सहायता योजना के बारे में जागरूक करें।

उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से समाधान समारोह विशेष अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस विशेष पहल का उद्देश्य उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित निपटारा करना है। उन्होंने बताया कि 30 मई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से चेक बाउंस के मामलों के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए 30 मई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। उन्होंने अधिवक्ताओं और पीएलवी से टीम वर्क के साथ काम करने तथा आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

## व्हीलचेयर, वॉकर, कान की मशीन व एजुकेशन किट बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रामकृष्ण दिव्यांग विद्यालय सिहमा में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण एवं शिक्षा सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी जरूरतों को पूरा करना रहा। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुडीना निवासी तनुज को व्हीलचेयर, दुलौठ जाट निवासी शुभम को वॉकर तथा मोहित को कान की मशीन उपलब्ध करवाई गई। इसके अलावा मुंडिया खेड़ा निवासी हनी को डिजिटल वॉच एवं एजुकेशन किट तथा अटाली निवासी भूमि को ध्वनि के साथ सिखाने वाली विशेष किट प्रदान की गई। वहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी एजुकेशन किट वितरित की गई।


नारनौल। दिव्यांग विद्यार्थियों को जरूरत का सामान वितरित करते हुए।

मांगें पूरी नहीं होने पर 28 मई को प्रदेशभर में बड़े आंदोलन की चेतावनी

## 26 मई को होगी स्वास्थ्य मंत्री एवं आशा वर्कर्स यूनियन में वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा और प्रदेश सरकार के बीच चल रहे गतिरोध के बीच शुक्रवार को महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। यूनियन को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के कार्यालय की ओर से वार्ता का आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। यूनियन की राज्य कमेटी सदस्य संतोष जाखनी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर स्वास्थ्य मंत्री के पीए गोविंद गौस्वामी ने यूनियन प्रतिनिधियों से फोन पर बातचीत कर 26 मई 2026 को स्वास्थ्य मंत्री एवं यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दो से तीन दिनों में इस संबंध में लिखित पत्र भी जारी कर दिया जाएगा। यूनियन ने इस आश्वासन के बाद 9 मई को प्रस्तावित प्रदर्शन कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है। हालांकि यूनियन नेताओं ने साफ किया कि यदि 26 मई को वार्ता नहीं होती या मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तो 28 मई को पहले से भी अधिक तैयारी के साथ प्रदेश स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन नेताओं का कहना है कि आशा वर्कर्स लंबे समय से सरकार से अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग कर रही हैं, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं।


नारनौल। मंत्री के पीए को ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर।

## बागवानी विशेषज्ञों ने किया बागों का दौरा किसानों को दी तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने गांव मुंडिया खेड़ा, सुन्दरह, गुवानी व मांदी में किसानों के बागों की विजिट कर तकनीकी सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र बावल से फल विशेषज्ञ डॉ. मुकेश व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मवीर यादव ने किसानों को बागों से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने किसानों को जागरूक करते हुए निम्बू वर्गीय फलों के पौधो में देसी फुटाव को तुरन्त तोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर हम देसी फुटाव को समय पर नहीं तोड़ते हैं, तो मूल पौधे की जगह देसी पौधे की ज्यादा बढ़वार हो जाएगी। इससे फल की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि निम्बू वर्गीय पौधों में मई व जून माह में 10 ग्राम यूरिया तथा पांच ग्राम जिंक प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर 15 से 20 दिन के अंतराल पर छिड़काव करने से पोषक तत्वों की पूर्ति होने के साथ फल गिरने की समस्या व लू से भी पौधों का बचाव होगा।


नारनौल। बागों का निरीक्षण करते बागवानी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### सेका में कल सजेगा सेवा व मेधा का मंच

**नारनौल।** सेका के राजकीय कन्या विद्यालय में 10 मई को आयोजित होने वाला समारोह शिक्षा, सेवा व खेल जगत में नई प्रेरणा देने वाला साबित होगा। युवा शक्ति फाउंडेशन एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 15 विशिष्ट प्रतिभाओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज, राष्ट्र, शिक्षा व खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनमोल रत्नों का मंच पर सम्मान होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित हेड कांस्टेबल मनीष कुमार मुख्य आकर्षण होंगे।

### आर्य समाज का वार्षिक उत्सव आज से

**कनीना।** पाथेड़ा गांव में आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव नौ मई से आयोजित किया जाएगा। राधा कृष्ण मन्दिर के प्रांगण में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय समागम को लेकर इंद्रलाल शर्मा ने बताया कि इस समारोह में बड़ी संख्या में आर्य प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः आठ बजे से रात्रि 10 बजे तक अलग अलग सत्र में चलेगा। समारोह में पूर्व जिला पार्षद प्रमुख सुरेंद्र कौशिक, लालचंद जोशी, बलवान फौजी, प्रो. सुभाष चन्द शर्मा, मंजू कौशिक, विजय चेयरमैन नौताना उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य, उमेद सिंह शर्मा, विजयपाल सिंह, स्वामी सच्चिदानन्द सरस्वती अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### ढाणी बाठोठा सब-स्टेशन में आज होगा मेंटेनेंस कार्य

**नारनौल।** 33 केवी सब-स्टेशन ढाणी बाठोठा में शनिवार 9 मई को सामान्य रखरखाव एवं तकनीकी कार्य किया जाएगा। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से सुबह 7 बजे से 10 बजे तक विभिन्न फीडरों और उनसे जुड़े क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली निगम के जेई चंद्रजीत ने दी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते मंडी एपी, ताजीपुर एपी, सेका एपी व खानपुर एपी, ढाणी डीएस, टहला डीएस, जय गौरी शंकर इंडस्ट्रियल तथा आईबीएस फीडर की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इसके कारण मंडी, ताजीपुर, टहला, मुकंदपुरा, बसीरपुर, ढाणी भाठोठा, खानपुर, कंवी की ढाणी, मामराज की ढाणी, मुरारपुर, सरदार सिंह की ढाणी तथा गूगा की ढाणी सहित संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### संगठन व पुलिस ने किए हेलमेट वितरित



**नारनौल।** शहर में सुरक्षित यातायात व दुपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा संगठन व यातायात पुलिस की ओर से निःशुल्क हेलमेट वितरण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निजी हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल की ओर से चिकित्स व उनकी पूरी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि डीएसपी सुरेश कुमार थे। इस अवसर पर अतिथियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षित सफर का संदेश दिया। दोपहिया वाहन चालकों को उपपुलिस अधीक्षक ने गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर यातायात पुलिस प्रभारी नरेश कुमार व कमल प्रकाश, राजेश यादव, बद्रीप्रसाद गर्ग, रामजीलाल मित्तल, सुरेश संघी, सफी मोहम्मद, मुकेश नंबरदार आदि मौजूद थे।

### रोगों से फसलों को बचाने की दी जानकारी



**नांगल चौधरी।** जून महीने के अंतिम सप्ताह में खरीफ सीजन वाली फसलों की बुवाई शुरू हो जाएगी। इस सीजन में फसलों को जड़गलन रोग होने का सर्वाधिक खतरा होता है, जिसकी रोकथाम करना संभव नहीं होता। बचाव के लिए आकोली गांव में शिविर लगाकर किसानों को जड़गलन रोग से सुरक्षा करने के टिप्स दिए, साथ ही किसानों को उन्नत बीजों के चयन, संतुलित खाद के प्रयोग और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव के मार्गदर्शन में किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

कवायद | सफाई कार्य से जुड़े वंचित पात्र व्यक्ति को मिलेगा लाभ

## मशीनी सफाई व सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई, 13 से पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के विकास और स्वच्छता में योगदान देने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा तथा सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जिले में अभी भी कोई ऐसा व्यक्ति शेष है, जो पूर्व में कभी हाथ से मैला ढोने या असुरक्षित सफाई कार्य में लगा था, तो वह 13 मई तक जिला परिषद कार्यालय में अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवा लें। यह पंजीकरण प्रक्रिया सरकार की पुनर्वास योजनाओं और मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। 13 मई तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर ही पात्र व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार के लिए सहायता व अन्य विभागीय लाभ प्रदान किए जाएंगे, ताकि वे एक गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें। यह बात जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निर्मल नागर ने कही है। डॉ. निर्मल नागर ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों और केंद्र सरकार के अधिनियमों के तहत जिले में किसी भी व्यक्ति की ओर से सीवर या सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई करवाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अब सफाई का समस्त कार्य मशीनीकृत तरीके से ही किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सफाई के दौरान किसी भी कर्मचारी का बिना सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतरना एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और इसका उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों या संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन का लक्ष्य स्वच्छता कार्यों में होने वाले जोखिम को पूरी तरह समाप्त करना है, जिसके लिए इमरजेंसी रिस्पांस सैनिटेशन यूनिट को भी सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में केवल प्रशिक्षित विशेषज्ञ ही मशीनों की सहायता से कार्य का संपादन करें।

### आदर्श जिला बनाने के लिए कार्य निरंतर जारी

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में सीवर सफाई के लिए केवल वही सर्विस प्रोवाइडर मान्य होंगे, जिन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में अपना पंजीकरण कराया है और जिनके पास लाइसेंसशुदा मशीनें व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों व स्थानीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में 13 मई की समय सीमा के बारे में व्यापक मुनादी करवाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति पंजीकरण से वंचित न रहे। डॉ. निर्मल नागर ने जानकारी दी कि इन स्वच्छता योद्धाओं के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति व परिवारों के सामाजिक सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार की मंशा है कि इस अमानवीय प्रथा को जड़ से मिटाकर तकनीक आधारित सुरक्षित सफाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। डॉ. निर्मल नागर ने कहा कि नागरिक अपने घरों के टैंकों की सफाई के लिए केवल अधिकृत मशीनी टैंकों की ही सेवाएं लें और किसी भी व्यक्ति को खतरे में न डालें। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ सफाई कर्मियों के जीवन की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन नियमों के सख्त पालन और आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से जिले को सुरक्षित सफाई के मामले में एक आदर्श जिला बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।